बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

## आदेश

संठसं0–9/विविध–13–01/2025(स्वा0) ....................../ पटना, दिनांकः–.................................

डॉ० प्रेम प्रताप, सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, रजबलिया, डुमरिया, गया द्वारा आवेदन समर्पित कर अवगत कराया गया कि विभागीय अधिसूचना सं०–1190(2) दिनांक–02.09.2021 के द्वारा सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, रजबलिया डुमरिया, गया के पद पर पदस्थापित किया गया है। जिसके अनुपालन दिनांक–29.09.2021 को सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी के पद पर योगदान समर्पित किया गया है। योगदान के पश्चात् अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के आरोप उनके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही संचालित है। डॉ० प्रताप के द्वारा पुनः पदस्थापित स्थान पर योगदान कराने हेतु अनुरोध किया गया है।

2. डॉ० प्रेम प्रताप द्वारा योगदान करने हेतु किये गये अनुरोध के समीक्षोपरांत डॉ० प्रेम प्रताप का आवेदन स्वीकार करते हुए पूर्व पदस्थापित स्थान पर योगदान कराने का निर्णय लिया गया है।

3. सिविल सर्जन, गया को निदेशित किया जाता है कि डॉ० प्रेम प्रताप को निर्गत आदेश के आलोक में योगदान स्वीकार करते हुए उन्हें पूर्व पदस्थापित स्थान का प्रभार ग्रहण कराया जाय। डॉ० प्रेम प्रताप का योगदान करने की सूचना अविलंब विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।

4. डॉ० प्रेम प्रताप, सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, रजबलिया, डुमरिया, गया के विरूद्ध अनधिकृत अनुपस्थिति के आरोप में विभागीय संकल्प सं०–479(9) दिनांक–16.05.2023 द्वारा संचालित विभागीय कार्यवाही के आधार पर आलोच्य अवधि के लिए निर्णय लिया जाएगा।

5. इसमें सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह०/–

(उपेन्द्र राम)

सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक–9/विविध–13–01/2025(स्वा0) 167(9)/ पटना, दिनांकः– 25.2.25

प्रतिलिपिः–महालेखाकार, (ले0 एवं हक0) बिहार, पटना/प्रभारी पदाधिकारी, वित (वै0दा0नि0को0) विभाग, बिहार, पटना/कोषागार पदाधिकारी, गया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः–क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, मगध प्रमण्डल, गया/सिविल सर्जन, गया को निदेशित किया जाता है कि डॉ० प्रेम प्रताप के कर्त्तव्य पर योगदान करने से संबंधित प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगें।

प्रतिलिपिः–डॉ० प्रेम प्रताप, सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, रजबलिया, डुमरिया, गया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः–माननीय मंत्री स्वास्थ्य के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग के आप्त सचिव/निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाऐं बिहार पटना/अपर सचिव, स्वास्थ्य विभाग/प्रभारी प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–2, 3, 7, 8, 17 एवं 18A स्थापना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि–आई0टी0 मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग को विभागीय वेबसाइट में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

25/02/2025

सरकार के अवर सचिव।